राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 11.12.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर ",अमर उजाला, आज, राष्ट्रीय सहारा, ज्ञानशिखा टाइम्स, न्यायाधीश तरुणमित्र न्यूज़, काशीवार्ता,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 11.12.2024

### दो अवैध निर्माण ध्वस्त कराए

**वाराणसी।** वीडीए की ओर से मंगलवार को अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा के नेतृत्व में वरुणा किनारे दो अवैध निर्माण के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। सारनाथ वार्ड के वरुणा किनारे नक्खीघाट पर अनवर अहमद और जैनुबुद्दीन ने अवैध निर्माण किया था। दोनों को पहले ही नोटिस दिया गया था। मियाद पूरी होने पर निर्माण ध्वस्त कराया गया। ब्यूरो

## आज–दि0 11.12.2024

### वरुणा के प्रतिबंधित क्षेत्र में भवन निर्माण पर चली जेसीबी

विप्रा उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर मंगलवार को अपर सचिव के नेतृत्व में वरुणा नदी के किनारे अवैध निर्माण के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कारवाई की गयी। वार्ड-सारनाथ, नक्खीघाट के समीप वरुणा नदी के किनारे लगभग १२०० वर्ग फीट में बाउंड्रीवाल करके टीनशेड लगाया गया था। भवन स्वामी जैनुबुद्दीन लगभग ६०० वर्ग फीट में निर्माण कार्य शुरू कर दिया था। शिकायत के आधार पर जोनल अधिकारी और अवर अभियंता, प्रवर्तन दल सहित सुपरवाइजर एवं निकटम थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और इन लोगों ने भवन स्वामी से मानचित्र दिखाने को कहा जिसे भवन स्वामी दिखाने में असफल रहा। इस संबंध में अवर अभियंता ने बताया कि दोनों निर्माण वरुणा के प्रतिबंधित क्षेत्र में किया जा रहा था। प्रवर्तन दल ने जेसीबी के माध्यम से निर्माण किये गये बाउंड्रीवाल को जेसीबी के माध्यम से ध्वस्त करा दिया और भवन स्वामी को चेतावनी भी दी कि भविष्य में ऐसा पुन: करने पर उनके खिलाफ कानूनी कारवाई होगी।



# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## राष्ट्रीय सहारा–दि0 11.12.2024

### वीडीए अधिकारी व कर्मचारियों ने मानवाधिकार दिवस पर ली शपथ



**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार मानवाधिकार दिवस के अवसर पर सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में प्राधिकरण परिसर में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। सचिव द्वारा इस अवसर पर कर्मचारियों से मानवाधिकारों के सम्मान और संरक्षण में भूमिका निभाने की अपील की गयी। मौके पर अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा, संयुक्त सचिव परमानंद यादव व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### वीडीए ने अवैध निर्माण किया ध्वस्त

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश क्रम में सचिव के नेतृत्व में मंगलवार को विकास प्राधिकरण, वाराणसी जोन-2 की प्रवर्तन टीम ने वरुणा नदी के किनारे अवैध निर्माण के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की। सारनाथ वार्ड के थाना-सारनाथ, नक्खीघाट, वरूणा नदी के किनारे अनवर अहमद द्वारा लगभग 1200 वर्ग फीट के भूमि क्षेत्रफल में बाउण्ड्रीवाल कर लगभग 320 वर्ग फीट के भूमि क्षेत्रफल में टीन शेड लगाया गया था तथा जैनुबुद्दीन द्वारा लगभग 600 वर्ग फीट के भूमि क्षेत्रफल में भूतल पर आरसीसी कालम्स का निर्माण किया गया था, उक्त दोनो अनाधिकृत निर्माण के विरूद्ध पारित ध्वस्तीकरण आदेश 04 अक्टूबर 2024 के क्रम में मंगलवार को ध्वस्त किया गया।


: vcvdavns : Varanasi Development Authority, Janhit Service : janhit.upda.in, E-Tender : etender.up.nic.in

Online Building Plan Approval System : www.upobpas.in, Awas Bandhu, Govt of UP: www.awas.up.nic.in

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 11.12.2024

### वाराणसी विकास प्राधिकरण के परिसर में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष



पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार मानवाधिकार दिवस के अवसर पर सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में प्राधिकरण परिसर में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया ह्य सचिव द्वारा इस अवसर पर कर्मचारियों से मानवाधिकारों के सम्मान और संरक्षण में भूमिका निभाने की अपील की गयी । मौके पर अपर सचिव डॉ गुडाकेश शर्मा, संयुक्त सचिव परमानन्द यादव व कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 11.12.2024

### वाराणसी विकास प्राधिकरण के अपर सचिव के नेतृत्व में प्रवर्तन टीम की कार्यवाही

वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी जोन-2 की प्रवर्तन टीम द्वारा वरुणा नदी के किनारे



अवैध निर्माण के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी (वार्ड-सारनाथ, थाना-सारनाथ, नक्खीघाट, वरुणा नदी के किनारे अनवार अहमद द्वारा लगभग 1200 वर्ग फीट के भूमि क्षेत्रफल में बाउण्ड्रीवाल कर लगभग 320 वर्ग फीट के भूमि क्षेत्रफल में टीन शेड लगाया गया था तथा नियुद्दीन द्वारा लगभग 600 वर्ग फीट के भूमि क्षेत्रफल में भूतल पर आर0सी0सी0 कालम्स का निर्माण किया गया था जिसे आज दिनांक 10/12/2024 को ध्वस्त किया गया। मौके पर जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियन्ता विनोद कुमार, प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे।उपाध्यक्ष महोदय द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## न्यायाधीश–दि0 11.12.2024

### वरुणा के प्रतिबंधित क्षेत्र में भवन निर्माण पर चली जेसीबी

विप्रा उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर मंगलवार को अपर सचिव के नेतृत्व में वरुणा नदी के किनारे अवैध निर्माण के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कारवाई की गयी। वार्ड -सारनाथ, नक्खीघाट के समीप वरुणा नदी के किनारे लगभग १२०० वर्ग फीट में बाउंड्रीवाल करके टीनशेड लगाया गया था। भवन स्वामी जैनुबुद्दीन लगभग ६०० वर्ग फीट में निर्माण कार्य शुरू कर दिया था। शिकायत के आधार पर जोनल अधिकारी और अवर अभियंता, प्रवर्तन दल सहित सुपरवाइजर एवं निकटम थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और इन लोगों ने भवन स्वामी से मानचित्र दिखाने को कहा जिसे भवन स्वामी दिखाने में असफल रहा। इस संबंध में अवर अभियंता ने बताया कि दोनों निर्माण वरुणा के प्रतिबंधित क्षेत्र में किया जा रहा था। प्रवर्तन दल ने जेसीबी के माध्यम से निर्माण किये गये बाउंड्रीवाल को जेसीबी के माध्यम से ध्वस्त करा दिया और भवन स्वामी को चेतावनी भी दी कि भविष्य में ऐसा पुनः करने पर उनके खिलाफ कानूनी कारवाई होगी।



## तरूणमित्र न्यूज–दि0 11.12.2024

### वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश ने मानवाधिकार दिवस के अवसर पर दिलाई शपथ



वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा शपथ दिलवाते हुए

तरुणमित्र न्यूज

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार मानवाधिकार दिवस के अवसर पर सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में प्राधिकरण परिसर में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। सचिव द्वारा इस अवसर पर कर्मचारियों से मानवाधिकारों के सम्मान और संरक्षण में भूमिका निभाने की अपील की गयी। मौके पर अपर सचिव डा. गुडाकेश शर्मा, संयुक्त सचिव परमानन्द यादव व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## काशीवार्ता–दि0 11.12.2024

# अवैध निर्माण पर वीडीए का शिकंजा

**कड़ी निगरानी के चलते हुई कमच्छा में सीलिंग की कार्रवाई**

वाराणसी (काशीवार्ता)। अवैध निर्माणों पर शिकंजा कसते हुए वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) ने जोन-4 की प्रवर्तन टीम के माध्यम से भेलूपुर वार्ड के कमच्छा क्षेत्र में एक बड़े अवैध निर्माण पर सीलिंग की कार्यवाही की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मयंक भार्गव द्वारा मकान संख्या बी-21/17, कमच्छा, निकट राजबंधु स्वीट्स, वाराणसी में बिना मानचित्र स्वीकृत कराए करीब 22X70 वर्गफीट क्षेत्रफल में जी+2 तल का निर्माण किया गया था। भवन के तीसरे तल पर शटरिंग कार्य और पिलर खड़ा करते हुए सरियों और शटरिंग का काम जारी था। इसके साथ ही भवन से सटे लगभग 25X30 वर्गफीट क्षेत्रफल में भूतल और प्रथम तल की छत डालकर द्वितीय तल की ढलाई का काम हो रहा था। उपरोक्त अवैध निर्माण पर यूपी नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 की धारा-27, 28 (i) व 28 (ii) के तहत कार्रवाई करते हुए उक्त भवन को सील कर दिया गया। यह कार्यवाही वाराणसी विकास प्राधिकरण के जोनल अधिकारी प्रमोद तिवारी, अवर अभियंता आर.के. सिंह और सोनू कुमार की प्रवर्तन टीम की उपस्थिति में की गई। थाना-भेलूपुर को सीलिंग स्थल की सतत निगरानी के लिए सौंपा गया है। वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने आम जनमानस से अपील की है कि वे प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना कोई भी निर्माण कार्य न करें। अन्यथा, प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी।